हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

04 श्रीराम लीला मेले में हुआ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



07 मारवाड़ी मराठी विवाद खत्म करने पहल, जकपा का...






## खबर संक्षेप

### घटिया खाद, कीटनाशक बेचने वालों का प्रशासन लगाएगा फ्लेक्स

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि जिले में जिन खाद एवं कीटनाशक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं उनकी जानकारी संबंधित दुकानों पर फ्लेक्स लगाकर प्रदर्शित की जाए। नगरीय क्षेत्रों में यह काम नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत द्वारा किया जाएगा। फ्लेक्स लगाने का खर्च कृषि विभाग उठाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इससे किसानों को सही जानकारी मिलेगी। अवैध बिक्री पर नियंत्रण होगा और पारदर्शिता बढ़ेगी। इस काम की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 को

**विदिशा।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 12 जनवरी को जिला खेल स्टेडियम परिसर में किया गया है। तैयारियों के संबंध में मंगलवार को हुई बैठक में विशेष निर्देश दिए गए हैं। आयोजन के लिए जिला खेल अधिकारी को नोडल व जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 9 को होगी

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 9 जनवरी को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 1 बजे से शुरू होगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया



**विदिशा।** कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ प्रदाय कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन एवं उपादान अदायगी आदेश सौंपे गए तथा स्मृति चिन्ह, पौधे भेंट कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी राजीव जैन, जिला पेंशन अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी, सहायक पेंशन अधिकारी कैलाश चक्रवर्ती व सोनम रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दिसंबर माह में सेवानिवृत्त 21 कर्मचारियों में से 19 कर्मचारी समारोह में शामिल हुए।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने स्वयं सुनीं समस्याएं

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनीं। 108 आवेदकों ने सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 67 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा भी की। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। ग्राम सभाओं में पेयजल, स्वच्छता, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन वितरण, पीएम आवास एवं मनरेगा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीण सहभागिता सुनिश्चित करने और समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

---

भीमआर्मी सभा में भगवान श्रीराम और माता सीता पर टिप्पणी से रघुवंशी समाज में आक्रोश

## सात दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन

**सिरोंज में पुराने बस स्टैंड पर सावित्रीबाई फुले जयंती के कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रवक्ता दीपक बौद्ध द्वारा सार्वजनिक मंच से प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से रघुवंशी समाज आक्रोशित हो गया है।समाजजनों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। क्योंकि ऐसे शब्दों का प्रयोग करने से सनातन धर्म को मानने वालों की भावनाएं आहत हुई हैं।**



विदिशा। भीम आर्मी प्रवक्ता द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते रघुवंशी समाज के पदाधिकारी।

- टिप्पणी को वैमनस्यता फैलाने वाला बताया।
- भीम आर्मी के प्रवक्ता पर रासुका कार्रवाई की मांग।
- लोकतांत्रित तरीके से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**कार्रवाई नहीं होने पर चेतावनी घर पहुंचकर जूते मारेंगे और निकालेंगे जुलूस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को रघुवंशी समाज ने कलेक्टर पहुंचकर प्रदर्शन कर दिया। प्रदर्शन के दौरान रघुवंशी समाज के पदाधिकारी आक्रोशित दिखाई दिए।

यह प्रदर्शन भगवान श्री राम और माता सीता पर सिरोंज में भीम आर्मी के कार्यक्रम के दौरान की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में था। समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एएसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन सौंपकर भीम आर्मी की सभा में की गई टिप्पणी पर आपत्ति दर्ज कराई।

समाज ने ज्ञापन में कहा कि भीम आर्मी के प्रवक्ता दीपक बौद्ध द्वारा सार्वजनिक मंच से समस्त हिन्दुओं के आराध्य के संबंध में ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे सनातन धर्म को मानने वालों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उक्त बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से समाज में आक्रोश एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रघुवंशी समाज का कहना है कि ऐसी टिप्पणियां न केवल आराध्यों का अपमान हैं, बल्कि समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास भी करती हैं, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इस अवसर पर रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि 7 दिवस के भीतर प्रशासन द्वारा उचित एवं प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो समाज लोकतांत्रिक एवं उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी, प्राण सिंह, प्रताप सिंह रघुवंशी, लखन सिंह, हरनाम सिंह, मोहित रघुवंशी, उदय सिंह, एड रघुवीर सिंह, महेंद्र सिंह, दिगपाल सिंह, चंदन सिंह, उदय सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

---

सर्राफा संगठनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

## ज्वेलर्स को बंदूक का लाइसेंस उपलब्ध कराने की रखी मांग



विदिशा। एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन देते हुए व्यापार महासंघ पदाधिकारी।

**एसपी ने व्यापारियों को दिया शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफाटक रोड स्थित अरिहंत ज्वेलर्स में 6 जनवरी को हुई डकैती की घटना ने सराफा व्यापारियों को डरा दिया है। जिस तरह से डकैतों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया उससे साफ जाहिर होता है कि उन्हे पुलिस का जरा भी खौफ नहीं था।

डकैतों की गिरफ्तारी और सर्राफा व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर सर्राफा एसोसिएशन विदिशा, नया सर्राफा एसोसिएशन एवं व्यापार महासंघ के प्रतिनिधियों ने एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 10–15 वर्ष पुरानी गिरवी रकम उठाने में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों, पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने की समस्या तथा सर्राफा व्यापारियों को सुगमता से बंदूक लाइसेंस उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।

व्यापारियों की एसपी से सभी विषयों पर चर्चा हुई। एसपी ने आश्वासन दिया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें जुटीं हैं और जल्द सफलता मिलेगी। गिरवी संबंधी मामलों में सभी थानों को आवश्यक निर्देश व बंदूक लाइसेंस पर सहमति दी। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन, संजय चौधरी, राजेश खुबाल सहित सर्राफा संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

नगरपालिका ने माधवगंज पर समस्या निवारण शिविर लगाया

## शिविर में आईं सड़क, बिजली, पानी, सफाई और राशन कार्ड जैसी समस्याएं, कई तुरंत हल कराईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




मंगलवार को माधवगंज स्थित जयप्रकाश मंच पर नगरपालिका द्वारा वार्ड 20, 21 और 22 के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और पार्षद मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान पानी, सफाई, सड़क, बिजली व्यवस्था, पेंशन, राशन कार्ड सहित कई जनसमस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। विधायक एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाना नगरपालिका की प्राथमिकता है।

---

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ली जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

## पर्यटन स्थलों के विकास और वीकेंड बस सेवा पर हुआ मंथन

**पर्यटन मार्ग में वन विभाग से समन्वय करते हुए जंगल की यात्रा को भी शामिल करने पर हुआ मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

मंगलवार को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों के साथ अशासकीय सदस्य, इतिहासकार एवं पुरातत्व विशेषज्ञ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले की पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण, पर्यटन विकास की संभावनाओं को विस्तार देना तथा नागरिकों व पर्यटकों की सुविधाओं को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान वन विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष चर्चा हुई। रैपलिंग, ट्रैकिंग एवं अन्य साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान कर उन्हें विकसित करने की योजना पर विचार किया गया। जिससे जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो।

### लगाएंगे संकेतक बोर्ड

बैठक में तय किया गया कि सभी जनपद पंचायत क्षेत्रों में स्थित पुरातात्विक स्थलों पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने पर सहमति बनी। इसके लिए ग्राम पंचायतों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी आम नागरिकों और पर्यटकों तक सहज रूप से पहुंच सके। बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के तहत विदिशा जिले के प्रमुख पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए विशेष बस सेवा प्रारंभ करने पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावित बस सेवा वीकेंड पर एक निर्धारित रूट पर संचालित होगी, जिसमें यात्रियों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था भी शामिल रहेगी।

---

## सीएम से मिले विधायक सूर्यप्रकाश मीणा



**हरिभूमि न्यूज . शमशाबाद।** शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित एवं चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। विधायक श्री मीणा ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आने के लिए आमंत्रित किया।

---

**10 को निकाली जाएगी जन - जागरुकता रैली**

## बेतवा उत्थान समिति की 23वीं वर्षगांठ पर बनी कार्ययोजना तीन दिन तक रैली से लेकर धरना प्रदर्शन तक होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए 23 वर्षों से श्रमदान कर रही बेतवा उत्थान समिति की कार्यकारिणी की बैठक हुई।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना तय की गई। समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बेतवा उत्थान समिति 11 जनवरी 2003 से लगातार बेतवा नदी के संरक्षण के लिए सक्रिय है। 23 वर्ष पूर्ण



होने के उपलक्ष्य में 10 जनवरी को जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा, जो माधवगंज से प्रारंभ होकर गांधी चौक पर समाप्त होगी। रैली का उद्देश्य आमजन को बेतवा नदी, पारंपरिक जल स्त्रोतों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। 11 जनवरी को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक बेतवा नदी पर श्रमदान किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे मानव सेवा न्यास में समिति की वार्षिक बैठक होगी। 12 जनवरी को माधवगंज चौराहे पर सुबह 11 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में समिति अध्यक्ष अशोक गोयल, संरक्षक अतुल रतनशी शाह, उपाध्यक्ष इंजी. सीएल गोयल सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### गांजा तस्कर को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

**विदिशा।** गांजा तस्करी के एक प्रकरण में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मनोज कुमार शर्मा ने आरोपी को 4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को पुलिस टीम ने अहमदपुर बायपास पर घेराबंदी कर तरुण राजपूत निवासी बंटीनगर को पकड़ा था। तलाशी में बैग से 5 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जबकि इसी मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

---

नर्सरी से कक्षा 5 तक के स्कूलों में दो दिन के लिए अवकाश घोषित किया

## उत्तरी हवाओं के कारण दिन व रात के तापमान में और गिरावट की संभावना

**पारा 5.5 डिग्री, स्कूली बच्चों को मिली राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मंगलवार सुबह शहर घने कोहरे की चपेट में रहा, जिससे दृश्यता 10 मीटर से भी कम हो गई। यहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारी जारी ओदश से नर्सरी से कक्षा 5 तक के स्कूलों में 2 दिन 7 और 8 जनवरी का अवकाश घोषित किया गया है। मंगलवार की सुबह घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। लोग ठंड से राहत पाने के लिए अलाव और हीटर का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार



विदिशा। सुबह के समय सड़कों पर घने कोहरे के कारण वाहन चलाना तक मुश्किल हो रहा है।

शीतलहर से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है। विभाग ने अगले 48 घंटे तक घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया है। आगामी तीन दिनों तक उत्तरी हवाओं के कारण दिन और रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। पिछले तीन दिनों से शीतलहर से दिनचर्या प्रभावित हुई है।

सोमवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा देखा गया, हालांकि दोपहर डेढ़ बजे के बाद धूप निकलने से कुछ राहत मिली थी। मौसम विज्ञानी सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोहरा और ओस फसलों के लिए लाभदायक होते हैं। अब धूप तो निकलेगी लेकिन सर्द हवाओं का असर रहेगा। स्कूलों में अवकाश घोषित होने से बच्चों को राहत मिली है।

---

## बाल विवाह कानून अपराध, आइए हम सब मिलकर इसे जड़ से मिटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर के निर्देशन में जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर आमजन को बाल विवाह की कानूनी स्थिति और दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य बाल विवाह की सूचना समय रहते प्राप्त कर इस सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कासवा ने बताया कि 21 वर्ष से कम आयु के बालक एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह अपराध है। बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, अभिभावक या अन्य रिश्तेदारों को दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह कराने वाले पंडित, मौलवी सहित विवाह में शामिल प्रत्येक व्यक्ति जैसे नाई, रसोईया, बैंड, टेंट संचालक आदि भी समान रूप से दंड के पात्र होंगे। सभी के लिए दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित है।

बाल विवाह की सूचना देने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 तथा बाल संरक्षण हॉटलाइन 18001027222 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने अपील की है कि बाल विवाह रोकथाम में सहयोग कर बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करें।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5620
सरसों
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-7510
चना
न्यूनतम भाव- 4550
उच्चतम भाव- 5830
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6110
ज्वार
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6952
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 3200
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3501
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3877
बटरी
न्यूनतम भाव-3420
उच्चतम भाव-3420
उड़द
न्यूनतम भाव-6140
उच्चतम भाव-6205
मूंग
न्यूनतम भाव-5460
उच्चतम भाव-5460
गेंहू
न्यूनतम भाव-2391
उच्चतम भाव-3550
धनिया
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-3700

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 21944 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस ने बजाया धंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में मंगलवार दोपहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के दिए गए एक बयान के विरोध में किया गया। कांग्रेसी अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर हाथों में एक बड़ा घंटा बजाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से रैली के रूप में निकले। यह रैली बहलोट बायपास मार्ग स्थित विधायक हरिसिंह रघुवंशी के कार्यालय के बाहर समाप्त हुई। जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के लिए मध्य प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक पत्रकार के सवाल पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, जिसके चलते यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम संतोष बिटोलिया और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रामलीला मेले में खेल सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे

# श्रीराम लीला मेले में हुआ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

### आज होंगे खो-खो के सेमीफायनल एवं फायनल मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। खिलाड़ियों का परिचय लेते वरिष्ठ भाजपा नेता



गंजबासौदा। प्रतियोगिताओं में भाग लेते खिलाड़ी

गत 25 दिसंबर से रामलीला मेला का शुभारंभ किया गया है जो 14 जनवरी मकर संक्रांति तक चलता है। यह मेला लगभग 67 सालों से नगर पालिका द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय दुकानदार तथा बाहर से आने वाले व्यवसायी विभिन्न प्रकार की दुकानें, खाने-पीने के होटल, खेल तमाशे लगाते हैं। मनोरंजन के लिए झूले, लोकगीत, कवि सम्मेलन तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को मेले में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। जिसमें खो खो सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर के गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी एकत्रित हुए। जिसमें अतिथियों के रूप में प्रहलाद सिंह ठाकुर पीटीआई, जय प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, यशपाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत शर्मा, मनोज यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। इसके पश्चात विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय लिया और उसके बाद खो-खो की प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें सभी टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। तो वही छात्राओं ने भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। अब बुधवार को खो खो प्रतियोगिता के सेमीफायनल और फायनल मुकाबले खेले जाएंगे।

मंगलवार को आयोजित मुकाबलों में बालक वर्ग के क्वार्टर फायनल में विजेता रहीं डॉल्फिन और सेंट एसआरएस के बीच सेमीफायनल होगा। इसी तरह नवांकुर विद्यापीठ और सांदीपनी स्कूल की टीमों के बीच बुधवार को सेमीफायनल मैच होंगे। इसके बाद विजेता टीमों के बीच फायनल मैच खेला जाएगा।

इसी तरह बालिका वर्ग में क्वार्टर फायनल मुकाबलों में विजयी रहीं सांदीपनी और बीएमसी की टीम के बीच सेमीफायनल मुकाबला होगा। जबकि दूसरा सेमीफायनल मुकाबला वात्सल्य पब्लिक स्कूल और नवांकुर विद्यापीठ की टीमों के बीच होगा। इन सेमीफायनल मैचों में विजेता टीमों के बीच फायनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। इस तरह मेले में खेलों की शुरुआत हो गई और अब 13 जनवरी तक विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

# दीक्षांत समारोह में नगर की तनुश्री गोलवलकर को मिली सीए की उपाधि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 17 में रहने वाले रिटायर्ड रेलवे टीसीएम पद्माकर गोलवलकर और सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व शिक्षिका भावना दीदी की छोटी पुत्री तनुश्री गोलवलकर को इंदौर में आयोजित दीक्षांत समारोह में सीए की उपाधि मिली। समारोह में अतिथियों ने उन्हें मंच पर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर तनुश्री के माता-पिता व बहनों ने उन्हें हर्ष के साथ बधाई दी। तनुश्री ने नाना मधुकर राव देव के आशीर्वाद और सपने को साकार करते हुए अपनी कड़ी मेहनत, लगन के दम पर अपने सपने को आगे बढ़ाते हुए प्रथम बार में सीए की उपाधि प्राप्त की। तनुश्री स्कॉलर पब्लिक स्कूल में 10 वीं और 12वीं में भी टॉपर रहीं। तनुश्री की इस सफलता के लिए परिवार एवं समाज बंधुओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिनर्जी संस्थान द्वारा आयोजित समावेशी कप 2026 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलता पूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ कैच अनिकेत कुशवाह, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नितेश राणा, सर्वश्रेष्ठ कैप्टन, बेस्ट विकेट कीपर देव गोस्वामी, बेस्ट गेंदबाज देवराज, फाइनल मेन ऑफ द मैच दिव्यांश शर्मा, मेन ऑफ द सीरीज दिव्यांश शर्मा, विजेता गर्ल्स क्रिकेट विजेता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उप विजेता सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय की टीम रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के रूप में समाजसेवी कांतिभाई शाह, राजेश तिवारी, मधुलिका अग्रवाल, सुरेश तनवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे फाटक 12 जनवरी तक रहेगा बंद




**गंजबासौदा।** पबई रेलवे स्टेशन में समपार रेलवे फाटक आठ दिवस के लिए बंद कर दिया गया है, जो 5 जनवरी से 12 जनवरी तक रहेगा। यह बंदी ब्लास्ट क्लीनिंग कार्य के लिए है। इस दौरान यातायात को दूसरे स्थान से डायवर्ट किया गया है, जिसमें पबई यार्ड में स्थित पुलिया क्रमांक 922/00 और एलसी-287 फ्लाय ओवर से सड़क यातायात चालू रहेगा। ग्रामीणों इस दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और असुविधा से बचें। रेलवे प्रशासन ने बताया है कि यह कार्य आवश्यक है और जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### चोरी का प्रयास करते पकड़ाया

**गंजबासौदा।** देहात थाना अंतर्गत आने वाले सदर बाजार स्थित गुरुद्वारे में एक युवक द्वारा चोरी की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान युवक को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया।

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में महिला सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने महिला सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में निर्भीक होकर उचित मंच पर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन सेवाओं, आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) तथा आत्मरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम के अंत में महिला सुरक्षा के प्रति सतत जागरूकता बनाए रखने एवं महाविद्यालय परिसर में सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं समस्त स्टॉफ का योगदान रहा।

# हतोड़ा मंडल में हिंदू सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा






मंगलवार को ग्राम हतोड़ा में आयोजित हिंदू सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में सनातन संस्कृति, समाज परिवर्तन और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मधुर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुई। अतिथियों के स्वागत के बाद स्थानीय कलाकारों और भजन मंडली द्वारा भगवान शिव एवं महादेव जी के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हास्य, ओज और भक्ति रस के विख्यात कवियों नीलेश चतुर्वेदी, शुभम रघुवंशी, मोहित भार्गव, प्रगति यादव, राखी यादव, शुभम दुबे, कालू पेंटर ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कवि सम्मेलन का संचालन नीलेश चतुर्वेदी ने किया।

महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज ने हिंदू धर्म की महानता और समाज में मातृ शक्ति के महत्व पर विशेष विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने धर्म को जीवन का आधार बताया। मुख्य वक्ता आरएसएस के जिला गंजबासौदा के जिला प्रचारक राकेश परमार ने सनातन धर्म की रक्षा और 'पंच परिवर्तन' सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। राजा महाराज ने भगवान शिवजी और हनुमान जी की असीम कृपा का बखान किया। उन्होंने हिंदू धर्म को विश्व का सर्वश्रेष्ठ और कल्याणकारी मार्ग बताया। कार्यक्रम में रजनी रघुवंशी, दृष्टि रघुवंशी उपस्थित रहीं। सम्मेलन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन वेदांश वेदांकुलम द्वारा किया गया।

# इंटर स्कूल कंपटीशन टूर्नामेंट संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं वंदे मातरम क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इंटर स्कूल कंपटीशन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 में फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल सुभाष निकेतन और टीटी जैन स्कूल की टीम के बीच हुआ। जिसमें सुभाष निकेतन की टीम विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल सेंट जोसेफ और शासकीय उत्कृष्ट उमावि की टीम के बीच हुआ। जिसमें सेंट जोसेफ की टीम विजयी हुई। सेंट जोसेफ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सेंट जोसेफ और सुभाष निकेतन के बीच शानदार फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें सेंट जोसेफ सीनियर फाइनल विजेता हुई। फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में राजेश तिवारी विश्व हिंदू परिषद के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, नवांकुर विद्यापीठ प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य एमसी शर्मा, जेलर आलोक भार्गव मौजूद रहे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से स्वागत किया। लीजेंड खिलाड़ियों में अतिथि के रूप में यजुवेंद्र सिंह चौहान, दिनेश राठौर, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी, सौरभ शर्मा, पवन रिछारिया, सेंट एस आर एस डायरेक्टर के एस यादव, रतनबाई स्कूल सचिव मयंक शाह, वरिष्ठ कवि आशीष दुबे, रूद्र रिछारिया, सुमित अग्रवाल विजय शर्मा पीटीआई, प्रवीण भार्गव, हेमंत भार्गव मौजूद रहे। फाइनल विजेता की ट्रॉफी दीपचंद कक्का बुक डिपो की ओर से वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष यश जैन ने प्रदान की, साथ ही 5100 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया। उपविजेता की ट्रॉफी और 3100 रूपए नगद पुरस्कार टॉर्जन बुक डिपो के संचालक कैलाश बैरागी की ओर से प्रदान किए गए। वहीं जूनियर टीम बीएमसी और सेंट जोसेफ के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें जूनियर टीम में भी सेंट जोसेफ टीम विजयी रही। डायमंड टीम की ओर से सभी मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। कॉलोनाइजर गौरव तिवारी की ओर से एक बेट और ट्रॉफी मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज को प्रदान किया गया। नवांकुर स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित ने जूनियर विजेता और उप विजेता को ट्रॉफी प्रदान की।

## एसजीएस के महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ ने की कार्यशाला आयोजित

# एसजीएस में महिला सुरक्षा अधिकार पर कार्यशाला संपन्न



गंजबासौदा। मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं सहायक प्राध्यापक



कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्टॉफ एवं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार के निर्देशन में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा महिला सुरक्षा अधिकार और कानून पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी शिखा भलावी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीओपी शिखा भलावी ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सावधानी पूर्वक उपयोग करें। खासकर फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अपरिचित व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, किसी अनचाही लिंक या एप्प को बगैर पूर्ण जानकारी के डाउनलोड न करें। छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न कानून एवं अधिकारों की जानकरी दी। उन्होने साइबर क्राइम से भी सजग रहने के लिए कहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने छात्राओं को सजग एवं सतर्क रहते हुए जहां आवश्यक हो वहां न कहने की हिम्मत जुटाने की बात कही। विशेष वक्ता राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष मनीष दुबे द्वारा भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी एवं महिला सुरक्षा के लिए संविधान में निर्देशित अधिकार एवं कानूनों की चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुमनलता गुप्ता द्वारा महिला सुरक्षा हेतु क्या क्या सावधानी रखना चाहिये एवं कोई भी अप्रिय समय आने पर किस प्रकार विभिन्न धाराओं के माध्यम से अपना बचाव करे इस बारे में बताया। डॉ. प्रजापति द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित बात कही। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सरिता घेंघट द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. आरडी जाटव, सबीहा मंसूरी, शिवानी गौड़, सपना श्रीवास्तव, शिवानी विश्नोई, सुधा पाठक, सुनीता श्रीवास्तव, योगेश शिल्पकार सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राऐं मौजूद रहीं।

# कथा में महाभारत के प्रसंग सुनाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन गोकर्ण कथा धुंधकारी का उद्धार महाभारत प्रसंग सुनील शास्त्री द्वारा सुनाया गया। कथा मेंमहाभारत युद्ध में किस प्रकार धर्म की जय हुई तथा धर्म का नाश हुआ दुर्योधन के सो भाई की मृत्यु तथा पांच पांडवों की विजय हुई और भीष्म पितामह की मुक्ति राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि का श्राप लगते ही 7 दिनों में मुक्ति का उपाय संतों द्वारा खोजने को बताया गया। श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा से ही संसार की मुक्ति का उपाय हो सकेगा, बगैर बुलाए कहीं नहीं जाना चाहिए कैसे सती अपने पिता के यहां बगैर बुलाए गई थीं, तो यज्ञ विध्वंस हो गया। महादेव से सभी देवताओं ने प्रार्थना की तब जाकर के महादेव ने अगले जन्म में पार्वती से विवाह किया। इस मौके पर आचार्य सत्यम मिश्रा, ऋषभ शर्मा, शैलेंद्र कुशवाहा, देवेंद्र भावसार, सुनील विश्वकर्मा सहित अनेक भक्तगण एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को बरीघाट रोड स्थित आईटीआई में राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, युवा दिवस का उद्देश्य सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार, साइबर अपराध, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में अवगत कराते हुए उपस्थित विद्यार्थीगण को उनके विधिक व अन्य जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों पर संवाद कर, उन्हें विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, सुनील कुमार राजपूत, सौरभ कुशवाह, प्राचार्य शिवम रघुवंशी, सीताराम विश्वकर्मा, धर्मराज राय, मोहित राजपूत, अरविंद लारिया सहित समस्त आईटीआई स्टॉफ एवं छात्र, छात्राऐं उपस्थित रहे।

### देश में पहली बार जो किसी ने नहीं किया, वह संत नीलेश व हार्दिक ने किया

# मारवाड़ी मराठी विवाद खत्म करने पहल, जकपा का ऐतिहासिक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन एंव जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि मुंबई में अभी भी मराठी विरुद्ध गुजराती, मारवाड़ी मुद्दा बहुत विकराल स्वरूप ले रहा है। ये भाई भाई की बीच कौन लड़ा रहा है, ये लड़ाई कैसे मिटे कैसे सुलह हो और कैसे प्यार का माहौल बना रहे, इन सभी विषयों पर चर्चा करने 5 जनवरी को जन कल्याण पार्टी द्वारा जैन मुनि निलेश चंद्र विजय महाराज की निश्रा में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन प्रेस क्लब में किया गया। जिस में आम्ही गिरगांवकर के कुछ पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया गया था और प्रेस के सामने मराठी बनाम मारवाड़ी की खुली चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने अपने-अपने मत रखे। वही निलेशचंद्र ने बताया कि कुछ जैन संत और बिल्डर मिलीभगत करके ख़ुद की स्वार्थ की राजनीति के लिए भाई-भाई के बीच दुराग्रह पैदा कर दिया है। महाराष्ट्र के मंत्री और एक नये पद्म सागर का नाम खुलके सबके सामने आया। दोनों पक्षों में नये पद्म सागर के कार्यो को लेकर टीका टिप्पणी हुई।

धार्मिक स्थल बनना चाहिए ना कि जिमखाना - इस अवसर पर हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जैन धर्म के नाम मंदिर बने,उपाश्रय




बने, ना की जैन जिमखाना। आम्ही गिरगांवकर ने जो जैन जिमखाना का विरोध किया हम इस मुद्दे पर आम्ही गिरगवाकर के साथ हैं। निलेश मुनि ने कहा कि महाराष्ट्र में रहना होगा तो महाराष्ट्र की भाषा का सम्मान करना होगा। नीलेश मुनि ने कहा की मैं कबूतरो को बचाने के लिए मेरी जान दे दूँगा। आम्ही गिरगावकर और पर प्रांतीय मुद्दे पर प्रेस के सामने दोनों पक्षों ने अपने अपने मत रखे। जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री रमेश जैन ने कहा कि समाज की एकता के लिए जो काम महाराष्ट्र में किसी ने नहीं किया वो काम मुनि नीलेश चंद्र जी और हार्दिक हुंडिया ने किया है। मैं ये दोनों महानुभावो को कोटि कोटि नमन करता हूं कि जिन्होंने ये सोचा की जो विचार भाई भाई के बीच दुरिया बढ़ाता है वो ख़त्म करके नजदीक लाने का काम किया है।

#### धर्म के नाम लड़ाई बंद करनी होगी

*हार्दिक हुंडिया ने कहा समाज सुषुप्त अवस्था में है। हमे धर्म के नाम ख़ुद के स्वार्थ के लिये समाज में भाई भाई के बीच लड़ाई कराने वाले, धर्म के नाम धंधा करने वाले संत नहीं चाहिये हमे समाज को जोड़ने वाले राष्ट्रीय संत निलेश चंद्र मुनि जैसे संतों का साथ देना चाहिये। आम्ही गिरगावांकर और पर प्रांतीयो को साथ कई मुद्दों पर अनबन थी जो नीलेश चंद्रजी ने सुलझाने की कोशिश की। नीलेश चंद्र ने कहा की हमे विवाद ख़त्म करना है। आम्ही गिरगवाकर के पदाधिकारियों ने जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया को मराठी और परप्रांतीय को बीच सुलह के ये प्रयास को सराहा। राष्ट्रीय संत नीलेश मुनि ने आम्ही गिरगावकर के सभी सवालो का जवाब दिया और मतभेद ना रहे वो प्रयास किया। हार्दिक हुंडिया ने कहा की भाई भाई के बीच मतभेद होता है लेकिन वो मतभेद कैसे मिटाकर सुलह की जाये वो हमारा प्रयास है। मुंबई प्रेस क्लब में पत्रकारो की भारी संख्या में मुनि नीलेश चंद्र विजय जी, आम्ही गिरगांवकर और हार्दिक हुंडिया ने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत आम्ही गिरगांवकर पदाधिकारियों को रामनामी दुपट्टा पहनाकर सम्मान के साथ किया गया।*

### बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आयोजन किया

# अस्पताल में नवजात बालिकाओं के लिए वितरण की लक्ष्मी बेवी किट

**सिरोंज**। जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कास्वा के मार्गदर्शन एंव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढाओं योजना अंतर्गत शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय पहुंचकर नवजात बालिकाओं का स्वागत कर लक्ष्मी बेवी किट का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना रहा। तो वही कन्या शिशु के जन्म को बढावा देना,समाज में सकारात्मक जागरूकता उत्पन्न करना कार्य यह पहल बालिकाओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बेटी बचाओ,बेटी पढाओ येजना एक सामाजिक जन आंदोलन है एंव शिक्षा व सशक्ति करण के लिए सामूहिक प्रयास



आवश्यक है। वही महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम निरतंर किए जा रहे है। जिससे लिंगानुपात में सुधार संस्थागत प्रसव में वृद्धि तथा बालिकाओं के प्रति सकारात्मक जांच सुद्रढ रहें। इस मौके पर कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### पीएम स्वनिधि 2.0 योजना अंतर्गत शिविर आयोजन

सिरोंज। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि 2.0 योजना अंतर्गत नगर के नया बस स्टेण्ड पर शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के माध्यम से योजना के प्रथम चरण में 15000 रुपए एवं द्वितीय चरण 25000 रुपए एवं तृतीय चरण 50000 रुपए का ऋण बैंकों द्वारा प्रदान किया जाता है। जिसके संबंध में शिविर का आयोजन कर नवीन आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही पुराने प्रकरणों पर कार्यवाही की गई एवं योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिससे पात्र हितग्राहियों तक लाभ को पहुंचाया जा सके। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से हाट ठेला,सब्जी फल विक्रेता, फास्ट फूड विक्रेता,छोटे व्यवसायी इत्यादि को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। नगर पालिका परिषद कि इस पहल में शहर में 35 नए आवेदन प्राप्त हुए एवं लोगों में योजना के संबंध में जागरूकता लाई गई। उक्त शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू, मुख्य लिपिक बद्री प्रसाद शर्मा,सिटी मिशन मैनेजर आकांक्षा गव्हाड़े,सामुदायिक संगठक रविकांत शर्मा,अविनाश भृगु आदि उपस्थित रहे।



# यातायात पुलिस ने नाबालिगों के परिजन को मौके पर बुलवाकर किया जागरूक

### सड़क सुरक्षा के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम

**सिरोंज**। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे,एसडीओपी सोनू डाबर के मार्गदर्शन में किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। जिससे रात्रिकालीन होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा ट्रैक्टर चालकों एवं नाबालिग बच्चों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम लगाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट

के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी




दी गई। साथ ही वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ति प्रतिकर योजना की जानकारी प्रदान कर, दुर्घटना की स्थिति में सहायता एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। वही यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# नपाध्यक्ष व एसडीएम ने जांचे अलाव, बेसहारा भेजे रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

इन दिनों चल रही शीत लहर के बीच स्थानीय राजस्व प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन ने शहर के चौक चौराहों, बसस्टैंड परिसर एवं रैन बसेरों का निरीक्षण किया। विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर हुए निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने भीषण ठंड का सामना कर रहे लाबारिश व दिमागी रूप से विक्षिप्त नागरिकों,बुजुर्गों को गर्म कंबल का भी वितरण किया। देर रात बस स्टैंड पहुंचे निरीक्षण दल ने यहा बने प्रतिक्षालय शेड में देर रात आने जाने वाली बसों का इंतजार करते यात्रियों को ठंड का सामना करते हुए बैठा पाया। तो वही स्थानीय पार्षद सचिन शर्मा ने नपा द्वारा यात्रियों एवं नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए बस स्टैंड परिसर में जलवाए जा अलावो के अलावा यात्री प्रतिक्षालय में भी अलाव जलवाए जाने का सुझाव दिया। जिस पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने तत्काल अलाव प्रारंभ करने के निर्देश नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि वास्तव में रात को बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों जिसमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल रहते हैं उनको काफी ठंड का सामना करना पड़ता होगा। उन्होंने नपा प्रबंधन को इस स्थान पर देर रात तक अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इसके अलावा पत्रकार भवन के नीचे स्थित प्रतिक्षालय में अन्यत्र शहर से आए नागरिक दिखाई दिए जिनको प्रशासन ने तलैया मोहल्ले में स्थित शादी हाल में बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे में भेजे जाने के निर्देश दिए।

# सिरोंज राजस्व रिकार्ड की मांग का एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

तहसील के ग्रामों के राजस्व रिकार्ड सिरोंज तहसील कार्यालय में वापस भेजने की मांग को लेकर कई नागरिको ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन सौपा। इस मौके पर तहसील कार्यालय में आवेदक एडवोकेट अशोक शर्मा, असलम गौरी एवं ज्योतेन्द्र जोशी ने आवेदन देते हुए कहा कि सिरोंज सहित सिरोंज तहसील के ग्रामों के राजस्व रिकार्ड विदिशा में जमा होने की वजह से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सिरोंज तहसील में होने वाले राजस्व संबंधी प्रकरणों को विदिशा कलेक्ट्रेट में जमा किया जाता है। जिससे लोगों को अपील करने में और प्रमाणित प्रतिलिपि लेने में परेशानियां होती है। विदिशा से सिरोंज के



किसान,गरीब मजदूरों को राजस्व संबंधी दस्तावेज लाने के लिये कलेक्टर ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते है। जिसमे पक्षकारों को आर्थिक नुकसान होता है। इस प्रकार आम जनता का समय व पैसा बर्वाद होता है। साथ ही उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। वही प्रकरणों के निराकरण के बाद सिरोंज तहसील के निराकरण के बाद विदिशा में प्रकरण भेजे जाने के कारण पक्षकारों को शीघ्रता से नकल प्राप्त नही हो पाती है। जिसकी वजह से समय लगता है ।

# 11 को शमशाबाद में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन, निकाली गई वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में शमशाबाद में जनजागरूकता के उद्देश्य से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया।

रैली महानीम चौराहा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिवालय चौक पहुंची, जहां भारत माता की आरती कर रैली का समापन किया गया। रैली के माध्यम से आयोजकों ने आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन एवं विशाल नगर भंडारे की जानकारी दी और नगरवासियों से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



रैली के दौरान जयघोष और अनुशासित सहभागिता से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

**महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर आजः** सागर। महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सूबेदार वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से गोला कुआं के पास आयोजित किया गया है। नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं ।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः पमरिया चौराह पर आमजन को दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- **पुलिस ने आमजनों से यातायात के नियमों का पालन करने और कराने की अपील भी की।**

1 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 5 जनवरी को नटेरन क्षेत्र के पमारिया चौराह पर सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



यह आयोजन एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में हुआ। जिसमें एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने मौके पर उपस्थित नागरिकों, वाहन चालकों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन संचालन न करने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, स्वयं की तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### ट्रस्ट ने बच्चों को जूते वितरित कर दी राहत

**विदिशा**। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद और वंचित बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा सेवा कार्य किया गया। ट्रस्ट, जो निरंतर पीड़ित मानवता के हित में कार्य करता आ रहा है, ने पूर्व में सर्दियों के दौरान लगभग 1000 ऊनी स्वेटर बच्चों को वितरित किए थे। इसके बाद ट्रस्ट ने देखा कि कई बस्तियों में छोटे-छोटे बच्चे नंगे पैर ठंड में घूमने को मजबूर हैं। इसी क्रम में सेवा की पहली श्रृंखला के अंतर्गत आज महल घाट रोड स्थित झुग्गी बस्ती में 100 जोड़ी जूतों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री विट्ठल दास डांगरा बाबूजी द्वारा संपन्न कराया गया।

# प्रशासन और कृषि विभाग के सहयोग से जैविक उत्पाद विक्रय केंद्र हो रहा संचालित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नागरिकों को स्वस्थ एवं रसायन-मुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग के सहयोग से जैविक, प्राकृतिक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र का प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है। यह विक्रय केन्द्र गायत्री मंदिर के सामने, आजीविका परिसर सिविल लाइन, विदिशा में संचालित हो रहा है, जहां जिले के विभिन्न विकासखंडों के किसानों द्वारा उत्पादित जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद विक्रय हेतु लाए जा रहे हैं।

विक्रय केंद्र में जैविक फल जैसे आम, अमरूद, केला, आंवला सहित अनेक मौसमी फल उपलब्ध हैं। इसके साथ ही आलू, टमाटर, लहसुन, प्याज, गिल्की, गोभी, बैंगन, करेला, पालक, मैथी भाजी, कच्ची हल्दी, गाजर, मूली आदि ताजा जैविक सब्जियां प्रतिदिन उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके अतिरिक्त जैविक अनाज गेहूं, चावल, मूंग, मसूर भी विक्रय के लिए रखे गए हैं। इस प्राकृतिक, जैविक उत्पाद विक्रय केंद्र में ग्राम काचरोद, विकासखंड बासौदा के कृषक राजेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा जैविक गेहूं, ग्राम गमाकर के भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा जैविक मूंग, विदिशा विकासखंड की कृषक सखी रामप्यारी दीदी द्वारा प्राकृतिक सब्जियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### राष्ट्रीय स्तर की ओलंपियाड परीक्षा में विजेंद्र सिंह अकादमी के छात्र अर्पित का चयन

**विदिशा**। राष्ट्रीय स्तर की ओलंपियाड परीक्षा में 11वीं कक्षा से मप्र के केवल 11 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस प्रतिष्ठित सूची में विदिशा की विजेंद्र सिंह अकादमी के छात्र अर्पित लोधी ने कैमेस्ट्री विषय में सफलता प्राप्त कर न केवल अकादमी बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अर्पित लोधी का चयन इस बात का प्रमाण है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट सफलता हासिल की जा सकती है। यह उपलब्धि विजेंद्र सिंह अकादमी द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है इस सफलता पर अकादमी प्रबंधन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। विजेंद्र सिंह अकादमी भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।



# एसआईआर अभियान को गति देने विधायक सप्रे ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

एसआईआर अभियान को लेकर कुरवाई में बैठक आयोजित हुई। जिसमें विधायक हरिसिंह सप्रे सहित अभियान प्रभारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अभियान को तेज गति एवं प्रभावी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए। विधायक हरिसिंह सप्रे ने अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर अभियान संगठन को मजबूत करने, लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचाने तथा जनता से सीधे जुड़ने का



एक महत्वपूर्ण माध्यम है। अभियान के विधानसभा प्रभारी जगदीश साहू ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे। उन्होंने बूथ स्तर तक पहुंचकर अभियान को सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस दौरान विधानसभा संयोजक विनोद जैन, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी एसआईआर अभियान के विधानसभा आईटी सेल प्रभारी वरुण चौबे, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, सुरेंद्र ठाकुर, बलवीर रघुवंशी, सचिन शर्मा, शैलेन्द्र पालीवाल, देवराज राजपूत, लक्ष्मण रघुवंशी, उमाशंकर प्रजापति, राजेश लोधी सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कनारा की एक तरफा जीत, मेरठ के यशु प्रधान का शतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित कनारा ग्राउंड पर आयोजित प्रतिष्ठित 56वीं कनारा क्रिकेट ट्रॉफी के तीसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला।

दिन का मुख्य आकर्षण मेरठ के बल्लेबाज यशु प्रधान का शानदार शतक और मेजबान कनारा विदिशा की धमाकेदार जीत रही। टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में मेरठ और कनारा विदिशा ने अपने-अपने मैच जीतकर मजबूत साबित किया। दिन का पहला मुकाबला (टूर्नामेंट का तीसरा मैच) फेथ क्लब भोपाल



और मेरठ के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शशांक भार्गव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन, चंद्रकांत गुप्ता एवं दिग्पाल रघुवंशी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुकाबले की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। मेरठ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए फेथ क्लब भोपाल ने 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। मेरठ की तरफ से विजय ने 3 विकेट और साजिद ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ की टीम ने यशु प्रधान की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर महज 15 ओवरों में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यशु प्रधान ने 53 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें 7 छक्के और 9 चौके शामिल रहे। मेरठ ने यह मुकाबला 8 विकेट से जीता। शानदार शतकीय पारी के लिए यशु प्रधान को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

दूसरे मैच में कनारा विदिशा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर तेज गेंदबाज शुभम कैथवास ने विकेट लेकर दबाव बना दिया। शुभम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। प्रयागराज की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 93 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से ध्रुव प्रताप सिंह ने सर्वाधिक 15 रन बनाए। कनारा की तरफ से विशुद्ध और कुणाल ने 2-2 विकेट लिए। कनारा विदिशा ने यह मुकाबला 97 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। शुभम कैथवास को मैन ऑफ द मैच रहे।

### रैंकिंग सुधार लापरवाही नहीं होः कलेक्टर गुप्ता

**विदिशा**। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज आवेदनों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित एवं असंतोषजनक श्रेणी में दर्ज प्रकरणों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक आवेदन का निराकरण समय-सीमा के भीतर, गुणवत्ता के साथ तथा आवेदक की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में बार-बार शिकायत दर्ज हो रही है, उनके मूल कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# हिंदुओं ने दिया एकता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

रावण मंडल के दस गांवों से आए हजारों हिंदू समाज के सदस्यों ने हिंदू सम्मेलन में समरसता और एकता का अनुपम परिचय दिया।

सम्मेलन में संतों ने हिंदुओं के लिए मंदिर, जल और शमशान समान महत्व रखने पर जोर देते हुए जातिगत अहंकार को त्यागकर सभी महापुरुषों का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब हमें राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित होकर जय भीम – जय श्रीराम का नारा एक साथ बुलंद करना होगा। संघ के जिला प्रचारक विशाल जी ने परिवार, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और स्वबोध जैसे पंच विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा बड़ा परिवार ही सुखी और मजबूत परिवार होता है। वृक्षों की पूजा करते हुए जीवन में 5 पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने संदेश दिया। सभी ने सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने का संकल्प लिया। विशाल जी ने बताया कि राम मंदिर सभी हिंदुओं की संयुक्त मेहनत से बना है, इसलिए इस देश की रक्षा के लिए सभी को अपने स्वार्थ त्याग कर एकजुट होना होगा। उन्होंने बहनों को आत्मरक्षा के गुण सीखने और आने वाली पीढ़ी को राम के चरित्र, संस्कार, राष्ट्रभक्ति के साथ-साथ मजबूत शरीर बनाने पर भी जोर दिया। तभी सच्चा रामराज्य स्थापित हो सकेगा।

### गड्ढों में हिचकोले खाते वाहन, जान जोखिम में डाल कर वाहन चलाने को मजबूर ग्रामीण

# ग्राम कांठ-सेमरा बरामद तक सड़क बदहाल सालों से मरम्मत के लिए तरस रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सागर रोड़ मुख्य सड़क से कांठ होते हुए सेमरा बरामद तक लोक निर्माण विभाग रायसेन की सड़क इन दिनों बदहाली का दंश झेल रही है। यह सड़क लगभग 7 करोड़ रुपए की लगात से तत्कालीन केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा निर्माण कराई गई थी। ठेकेदार ने घटिया सड़क निर्माण की थी, जिससे यह सड़क साल दो साल ही टिक सकी। वर्तमान में यह सड़क में डामर कम गड्ढे ज्यादा उभर आए हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

सरपंच राजेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत होने के लिए कलेक्टर को जनसुनवाई सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कई बार आवेदन दे चुके हैं। इसके बाद भी सड़क मरम्मत की तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि वाहन गड्ढों में हिचकोले खाते हुए निकल रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भरने से अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि गड्ढा कितना गहरा है। दुपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं, वहीं चारपहिया वाहनों के सस्पेंशन और टायर भी लगातार खराब हो रहे हैं।

#### बदहाल ग्रामीण सड़क

रायसेन से विदिशा को जोड़ने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जहां वाहन चालकों को कठिनाइयों से वाहन निकालना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इन बड़े बड़े गड्ढों के कारण आए दिन किसी न किसी को हादसे में अपनी जान गंवानी पड़ रही है। साथ ही सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान को पीडब्ल्यूडी विभाग ठेंगा दिखाने में भी लगा है।

#### मरम्मत कराएंगे

हमने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को बजट को लेकर पत्राचार किया है। जिसमें सड़क मरम्मत के लिए बजट की मांग की गई है। जल्द ही सड़कों की मरम्मत और पेंचवर्क कार्य कराया जाएगा।

- **वीके सूत्रकार**, ईई पीडब्ल्यूडी रायसेन



#### बीते कई वर्षों से सड़क में कोई भी काम नहीं हुआ

ग्राम कांठ के रहने वाले मुनीम सिंह दांगी, दिनेश सिंह, रघुवर पटेल, प्रेम सिंह साहू सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई वर्षों से इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। न ही इस सड़क के गड्ढे भरे गए हैं। जिस कारण इस मार्ग की स्थिति जर्जर हो गई है। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इन बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

#### उदासीन जिम्मेदार ग्रामीणों ने की मांग, जल्द हो सड़क मरम्मत कार्य

कांठ और सेमरा बरामद के ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से रोजाना स्कूल बसें, एंबुलेंस, कृषि कार्य से जुड़े वाहन और आम यात्री गुजरते हैं। बावजूद इसके लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई। यह सड़क विदिशा और रायसेन दो जिलों को जोड़ती है फिर भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सड़क मरम्मत की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी आला अधिकारियों के सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी जल्द से जल्द जल्द सड़क की मरम्मत कराए, गड्ढों को पेंचवर्क से भरकर आवागमन सुरक्षित बनाए। अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने बताया की इस सड़क को पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज द्वारा बनाया गया था। तब से इस सड़क पर कोई भी काम नहीं हुआ है।

#### सड़क जाम की बनी रहती स्थिति

खराब सड़क की वजह से खेती-बाड़ी के लिए गुजरने वाले किसी वाहनों और दो पहिया तीन पहिया वाहनों के आवागमन से आए दिन सड़क पर जाम बना रहता है। इतना ही नहीं गड्ढे भी जाम लगने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। अगर सड़क की मरम्मत और गडढ़ों में पेंचवर्क और मरम्मत कार्य पूरा हो जाए तो कम से कम वाहन चालकों को काफी हद तक राहत मिल सकती है।

### कॉलोनी में नहीं कराए जा रहे विकास कार्य

## कॉलोनाइजर ने कलेक्टर के आदेश को भी रखा ताक पर



◆ विकास कार्य नहीं होने से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की वीआइपी कॉलोनी के रहवासी सालों से बदहाल कॉलोनी में रहने को मजबूर हैं। कॉलोनी में ना तो सड़कों का निर्माण किया गया है, ना ही बाउंड्रीवाल बनाई गई है। नियमानुसार मंदिर का निर्माण भी नहीं कराया है। जिसकी शिकायतें कॉलोनी के रहवासी एक साल से प्रशासन को कर रहे हैं।

6 माह पहले रहवासियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने कॉलोनाइजर को बुलाकर कॉलोनी की सड़कों का निर्माण करने के निर्देश दिए थे। तब कॉलोनाइजर लियाकत अली ने एक माह में सड़क बनाने का वादा किया था, लेकिन अभी तक सड़कों का निर्माण नहीं कराया है। मंगलवार को फिर कॉलोनी के रहवासियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर पुराने सभी आवेदनों और कॉलोनाइजर द्वारा किए गए वादों के बारे में बताया। जिस पर कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को कॉलोनाइजर के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा।

जिस पर सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि वो पहले ही कोतवाली टीआई को उक्त कॉलोनाइजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लिखित में पत्र दे चुकी हैं, लेकिन टीआई रिपोर्ट लिखने तैयार नहीं हैं।

इस तरह वीआइपी कॉलोनी के रहवासी कभी कलेक्टर, कभी एसडीएम तो कभी कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

## जनसुनवाई में की दलितों को वन भूमि पट्टे दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में जिले की तहसील सिलवानी रेंज के हरिजन समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने वन अधिकार वन ग्राम जमीन के पट्टे दिलाने की मांग की।

ग्राम हथनापुर, ग्राम पंचायत देवरी हथनापुर, जनपद पंचायत सिलवानी के दिनेश, सब्बूलाल, मल्लू अहिरवार सहित 15 परिवारों ने अपनी समस्या बताई। इन परिवारों का कहना है कि वे 1950-1970 से वन भूमि पर काबिज हैं और जन्म से यहीं निवास कर रहे हैं। इन गरीब परिवारों को आज तक कोई पट्टा प्रदान नहीं किया गया है।

उनका आरोप है कि शासन के नियमानुसार जंगल में रहने वाले गरीब मजदूरों को पट्टे दिए जाने चाहिए, जबकि आदिवासियों को 5 एकड़ के पट्टे मिल चुके हैं। हरिजन समाज के लोगों को यह कहकर टाल दिया जाता है कि अभी आपका ऊपर से कोई आदेश नहीं आया है। इन हरिजनों के बाप-दादा 70-80 साल से वन भूमि पर काबिज हैं, फिर भी उन्हें पट्टे नहीं मिले।

## श्रीरामलीला में लक्ष्मण ने किया अतिमहारथी मेघनाद का वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में चल रही श्रीरामलीला महोत्सव मेले मंगलवार को मेघनाथ वध और सुलोचना सती का स्थानीय कलाकारों द्वारा मैदानी मंचन किया। लीला देखने लोगों की भारी भीड़ रही। कलाकारों ने मेघनाथ वध और सती सुलोचना की आकर्षक लीला का मंचन किया। मेघनाथ की भूमिका और सती सुलोचना की भूमिका निभाने वाले दोनों कलाकारों ने रामलीला में समां बांध दिया।

लीला के अनुसार लंकापति रावण की आज्ञा अनुसार मेघनाद अपनी धर्मपत्नी सुलोचना के पास जाता है और कहता है कि मैं अब पिताश्री की आज्ञा से रणभूमि में युद्ध करने के लिए जा रहा हूं। मेघनाद ने लक्ष्मण को युद्ध मैदान के लिए ललकारा, जिसके बाद दोनों ही और से रणभूमि में काफी देर तक जमकर युद्ध चलता रहा। मेघनाथ अपनी मायावी शक्ति से युद्ध लड़ता है, लेकिन सफलता नहीं मिलती है तो फिर पिता दशकंधर के पास पहुंचता है। रावण उसे फिर से रण लड़ने मैदान में भेजता है। लक्ष्मण और मेघनाद के बीच जमकर युद्ध होता है। इस दौरान लक्ष्मण जी मेघनाद का वध कर देते हैं। मेघनाद का शीश रामादल में और हाथ की भुजा सती सुलोचना के आंगन में गिरती है। जब सखियां इसकी जानकारी सुलोचना को देती है, तो सुलोचना को विश्वास नहीं होता। परंतु भुजा पर लिखा जाता है कि यह मेघनाद है। इस प्रकार से सुलोचना को विश्वास हो जाता है। सती सुलोचना के मार्मिक प्रसंग की लीला को देखकर दर्शक भी भावुक हो गए।

इस आकर्षक प्रसंग की लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला मैदान में मौजूद रहे। आज बुधवार को अहिरावण वध की लीला का मंचन होगा।

पं दुर्गाप्रसाद शर्मा ने सति सुलोचना का मार्मिक अभिनय किया


करीब 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के बीच किया जाएगा दहन



#### 9 जनवरी को होगा लंकापति रावण वध के साथ श्रीरामलीला का समापन, रंगबिरंगी आतिशबाजी रहेंगी आकर्षण का केंद्र

श्रीरामलीला में शुक्रवार 9 जनवरी को शाम 6 बजे लंकापति रावण वध की लीला का आयोजन किया जाएगा। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित ब्रजेश चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी उपस्थित रहेंगे। जबकि विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन उपस्थित रहेंगे।

#### शहर में निकलेगी जय महावीर की भव्य शोभायात्रा



श्रीरामलीला के समापन पर शुक्रवार की शाम बालाजी मंदिर बावड़ीपुरा से जय महावीर जय रघुवीर समिति द्वारा हर साल की तरह इस साल भी रौद्र रूपी हनुमान जी का मुखोटे की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्रीरामलीला मैदान पहुंचेगी। इस इस बार हनुमान जी का मुखौटा शांति नगर कॉलोनी वार्ड 4 निवासी मिथिलेश यादव द्वारा धारण किया जाएगा।

## सांची यूनिवर्सिटी में श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध विद्वान का दौरा

### वंदनीय उदुगमा सरनतिस्स थेरो ने शैक्षणिक सहयोग पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर




सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में श्रीलंका के प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान वंदनीय उदुगमा सरनतिस्स थेरो का दौरा हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव और बौद्ध दर्शन स्कूल के अधिष्ठाता डॉ संतोष प्रियदर्शी से मुलाकात कर बौद्ध अध्ययन से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

थेरो ने विश्वविद्यालय परिसर, बौधि वृक्ष और नवनिर्मित भवनों का भ्रमण किया। वे श्रीलंका के कैंडी स्थित असगिरि महा विहार के अंतर्गत धर्मदूत मंदिर के मुख्य अधिष्ठाता, बौद्ध भिक्षु ट्रस्ट के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध अध्ययन संकाय के प्रमुख हैं। भेंट के दौरान भारतीय और श्रीलंकाई बौद्ध परंपराओं के बीच शैक्षणिक सहयोग, शोध, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान और संयुक्त अकादमिक कार्यक्रमों की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। कुलसचिव प्रो रामनिवास गुप्ता ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और शोध कार्यों की जानकारी दी। वंदनीय सरनतिस्स थेरो ने साँची जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल पर विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग की इच्छा जताई।

### क्षेत्रीय विधायक व पदाधिकारी रहे मौजूद

## निजी गार्डन में भाजपा की विशेष बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे 18 फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज के पास स्थित एक निजी गार्डन में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सलामतपुर मंडल के समस्त कार्यकर्ता, बंधुओं, पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ बीएलओ (त्रिदेव), शक्ति केंद्र प्रभारी एवं शक्ति केंद्र टोली के कार्यकर्ता, समस्त मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सरपंच की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गिड़गड़ू, सलामतपुर, राताललाई सहित आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ताओं की भूमिका, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में एकजुटता, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

### 9 माह का वेतन और 11 माह का एरियर का नहीं हुआ भुगतान

## स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

स्वास्थ्य विभाग सिलवानी में पदस्थ नेमेत्तिक कंटरजेंसी एवं पार्ट टाइम कर्मचारियों को बीते 9 माह से वेतन नहीं मिला है और न ही 11 माह के एरियर का ही भुगतान हो सका है। आर्थिक समस्या से जूझ रहे कर्मचारी जनसुनवाई में रायसेन पहुंचे तथा कलेक्टर को आवेदन देकर वेतन व ऐरियर का भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई।

जनसुनवाई मे पहुंचे कर्मचारी इकबाल मोहम्मद, संदीप, परसोत्तम, तुलाराम, रामरतन, श्रीराम आचार्य, सकुन, दीवान आदि ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया है कि हम सब पार्ट टाइम कर्मचारियों का न्यूनतम वेतनमान 12500 कलेक्टर दर लागू किया जाए लगभग 15 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी वेतनमान 3000 ही मिल पा रहा है। शासन द्वारा जो कलेक्टर दर निर्धारित की गई है न्यूनतम वेतनमान 12500 दिया जाए। लगभग 15 वर्ष बीतने के बाद 6000 रुपए वेतन मिल पा रहा है और वह भी 6 से 8 माह हो जाने के बाद दिया जाता है और बीते 9 माह से अभी वेतन प्राप्त नहीं हुआ है।

इस महंगाई में परिवार सहित भूखों मरने की कगार पर हैं। न तो वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में सक्षम है और न ही अच्छा स्वास्थ्य। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आर्थिक रूप से इतने कमजोर हैं कि अपने परिवार का भरणपोषण भी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

आवेदन में मांग की गई है कि नियमित कर्मचारियों की तरह हम छोटे कर्मचारियों को भी 1 तारीख को वेतन दिया जाए। कर्मचारियों ने निवेदन किया है कि जायज मांगों का अतिशीध्र निराकरण किया जावे।

#### वर्षों से जमे कर्मचारियों को मिले चतुर्थ श्रेणी का दर्जा

स्वास्थ विभाग में वर्षों से निरंतर कार्यरत भृत्य सफाईकर्मी, शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाए। न्यूनतम वेतन पूर्व में कम मानदेय मिलने से बन वेतन अंतर (एरियर) का निर्धारण कर भुगतान किया जाए। सेवा की निरंतरता एवं सुरक्षा-बिना कारण हटाने, बदलने की प्रथा समाप्त की जाए। वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के स्थायीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

### सर्दियों में 16 तरह के विदेशी परिंदों की सुनाई दे रही चह-चहाहट

## जिले के तालाब-सरोवर में विदेशी परिंदों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिले के नदी-तालाबों एवं सरोवरों में सुबह-शाम इन दिनों विदेशी परिंदों की चहचहाहट सुनाई दे रही है। सर्द मौसम की शुरुआत के साथ ही जिले के झीलों और जलाशयों में 16 प्रजातियों के विदेशी पक्षियों ने डेरा डाल लिया है। जो गर्मी शुरू होते ही यहां से ठंडे प्रदेशों की तरफ उड़ान भर चले जाएंगे। इन परिंदों का कलरव पर्यावरण प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों को खासा आकर्षित कर रहा है।

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एसडीओ सुधीर पटले के अनुसार साइबेरिया, मध्य एशिया और यूरोप के ठंडे इलाकों से ये पक्षी हजारों किलोमीटर दूरी का सफर तय कर रायसेन पहुंचे हैं। इनमें बार-हेडेड गूज, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, नॉर्दर्न पिंटेल, गार्गेनी टील, शॉवलर और कॉमन कूट जैसी परिंदों की प्रजातियां शामिल हैं। अनुकूल जलवायु और पर्याप्त भोजन मिलने से ये परिंदे हर साल आते हैं।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि पक्षियों को परेशान न करें और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखें। साथ ही, पक्षी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए यह समय बर्ड वॉचिंग के लिहाज से खास माना जा रहा है। विदेशी परिंदों के कलरव से क्षेत्र का माहौल मन को प्रफुल्लित कर रहा है।

#### कुदरती रेशों से बनाते हैं घोंसले

इनमें घोंसले बनाने की कुदरती कला होती है। जैसे कि सन कोन्योर पाइनएप्पल कोन्योर, बर्जिगर और लव बर्डस सूखी पत्ती लकड़ियों से प्राकृतिक रेशों से सुरक्षित घोंसले तैयार करते हैं। जिले के जीवन रेखा कही जाने वाली नर्मदा नदी, बेतवा, रीछन नदी तट, वारना डैम, सांची गुलगांव क्षेत्र के जलाशय और आसपास के तालाब विदेशी पक्षियों की पसंदीदा जगह बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि इससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ी है।

### ग्राम गोरखा में चल रही भागवत कथा

## धर्म की रक्षा हर सनातन व्यक्ति का कर्तव्यः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



ग्राम गोरखा झामर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने धर्म, जीवन और कर्तव्य पर सारगर्भित प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करना केवल किसी एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर सनातन व्यक्ति का कर्तव्य है। आज के समय में युवाओं को जागरूक होकर आगे आना होगा।

आचार्य शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में देश-विदेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार चिंताजनक हैं। ऐसे में समाज को केवल देखना नहीं, बल्कि सोच-समझकर सही मार्ग चुनते हुए धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्रीमद्भागवत कथा के संदेशों से सीख लें, क्योंकि भागवत में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य -तीनों का समन्वय मिलता है। उन्होंने कई प्रेरक प्रसंगों और उदाहरणों के माध्यम से कथा को रोचक व भावपूर्ण बना दिया।

**जाहिर सूचना**

**ग्राम बेरखेडी टुण्डा प.ह.नं. 05 तहसील व जिला रायसेन म.प्र.**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति स्वामी श्री भगवान सिंह आ. श्री भोगीराम निवासी ग्राम बेरखेडी टुण्डा तहसील व जिला रायसेन म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति उक्त ग्राम बेरखेडी टुण्डा प.ह.नं. 05 तहसील रायसेन जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है जोकि सिंचित कृषि भूमि है जिसका खसरा नं. 26/3/2 रकबा 06440 हेक्टे 1.59 एकड भूमि है। जिसको मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है, एवं उक्त भूमि का सौदा होना पाया गया है, जिसका टोकन हो गया है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था फर्म सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ती हो या उक्त संपत्ति कई रहन, दान, विक्रय, बंधक, मेहर हस्तातंरण मुख्यतार द्वारा अनुबंधित यात्यादि हो तो वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीयन, अनुबंध पत्र कराने के लिये स्वतंत्र रहेगा। ऐसी स्थिति में कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

भवदीय **श्री गिरिराज जी** एसोसिएट्स
एडवोकेट दिपिश शर्मा, दुकान नं. 02 सुन्दर कम्पलेक्स तहसील के सामने रायसेन (म.प्र.)
मो.नं. 9754060798,9755574888